आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 10.03.2025 समय : 18.30 पीएम

- मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाकर 50 हज़ार की जाएगी।
- राज्य की पांच हज़ार से अधिक आबादी वाली साढ़े तीन हज़ार ग्राम पंचायतों में ओपन जिम बनाए जाएंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–सरकार गौमाता के संरक्षण और संवर्धन के लिए संकल्पित–अगले वित्त वर्ष में ढाई लाख गोपालक परिवारों को गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दिया जाएगा।
- प्रदेश में दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी–बाड़मेर में पारा 39 डिग्री सेल्सियस के पार।

000

मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में आने वाले समय में विद्यार्थियों की संख्या बढाकर 50 हजार की जाएगी। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने आज विधानसभा में बताया कि योजना के तहत वर्तमान में 30 हजार विद्यार्थियों को कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसे आगामी वर्षों में बढाया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023–24 में करीब 102 करोड़ रुपए खर्च कर विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025–26 के लिए 209 करोड़ का बजट निर्धारित किया गया है।

राज्य सरकार प्रदेश के महात्मा गाँधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के संचालन के बारे में उचित कार्यवाही कर निर्णय लेगी। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आज विधानसभा में कहा कि इस संबंध में मंत्रिमंडलीय उपसमिति बनाई गई है। समिति की रिपोर्ट के आधार पर ही विद्यार्थियों के हित में आगे की कार्यवाही की जाएगी।

सहकारिता राज्यमंत्री गौतम कुमार दक ने विधानसभा में बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत अनुचित लाभ लेने वाले अपात्र व्यक्तियों से जल्द वसूली की जाएगी। उन्होंने कहा कि पाली जिले में किसान सम्मान निधि के तहत अनुचित तरीके से राशि हस्तांतरण किये जाने के मामले की जाँच की जा रही है। इसके लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीलिंग को नियुक्त किया गया है। जाँच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

राज्य की 5 हजार से अधिक आबादी वाली साढे तीन हजार ग्राम पंचायतों में ओपन जिम बनाए जाएंगे। युवा मामले और खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने आज विधानसभा में कहा कि सरकार खेलों को बढावा देने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि स्टेडियम निर्माण के लिए भी विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। श्री राठौड़ ने बताया कि ''मेजर ध्यानचन्द स्टेडियम योजना'' के तहत के प्रत्येक ब्लॉक में खेल स्टेडियमों के विकास कार्य करवाये जाने के लिए विधायक–सांसद निधि, जनसहयोग और सीएसआर के तहत उपलब्ध करवाई गई राशि के बराबर या अधिकतम एक करोड़ रू की राशि मेचिंग ग्रांट के रूप मे दिये जाने का प्रावधान है।

000

ई–श्रम पोर्टल पर अब तक 30 करोड़ 68 लाख से ज्यादा असंगठित कामगार पंजीकृत हो चुके हैं। केन्द्र सरकार ने असंगठित कामगारों का व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने के लिए वर्ष 2021 में इस पोर्टल कर शुरूआत की थी। श्रम और रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने आज लोकसभा में बताया कि कुल पंजीकृत कामगारों में 53 प्रतिशत से अधिक महिलाएँ हैं। उन्होंने कहा कि अब तक विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों की 13 योजनाओं को ई–श्रम के साथ जोड़ा गया है। इसमें पीएम–स्वनिधि, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण और आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शामिल हैं।

000

प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर आज से गेंहू की खरीद शुरू हुई। खरीद प्रक्रिया 30 जून तक चलेगी। इसमें गेहूं का समर्थन मूल्य 2 हजार 425 रुपए रखा गया है। इस पर डेढ सौ रुपये प्रति क्विंटल का अतिक्ति बोनस मिलेगा। किसानों को उपज बेचान राशि का भुगतान 48 घंटों के भीतर सीधे बैंक खातों में किया जाएगा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार गौमाता के संरक्षण औेर संवर्धन के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अगले वित्त वर्ष में ढाई लाख गोपालक परिवारों को गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ मुहैया करवाया जाएगा। श्री शर्मा मुख्यमंत्री निवास पर प्रदेश में गौशालाओं और नंदीशालाओं की अनुदान बढ़ाने पर आयोजित आभार सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री

मंगला पशु बीमा योजना का दायरा बढाया जाएगा और योजना के तहत अगले वित्त वर्ष में हर श्रेणी में बीमित पशुओं की संख्या दोगुनी की जाएगी।

...............

हाल ही में पेश किए गए राज्य बजट में गौशालाओं और नंदीशालाओं के लिए प्रति पशु अनुदान राशि को 15 प्रतिशत बढाकर 50 रुपये प्रतिदिन किया गया है। मुख्यमंत्री श्री शर्मा आज दोपहर सीकर पहुंचे। उन्होंने खाटूश्याम मंदिर में दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

000

प्रदेश में होली की उमंग परवान चढ़ने लगी है। विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन और धुलंडी पर्व की तैयारियां की जा रही हैं। डीग में ब्रज होली महोत्सव चल रहा है। वहीं आज भरतपुर में रंगीलो महोत्सव का आगाज़ शोभायात्रा के साथ हुआ। इसमें बहुरूपियों का स्वांग और झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। पाली जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं पारम्परिक वेशभूषा के साथ लूम्बर नृत्य का आनंद ले रही हैं। शेखावाटी अंचल में भी चंग ढफ की थाप पर रंगारंग प्रस्तुतियां हो रही हैं। जैसलमेर के लक्ष्मीनाथ मंदिर में आज फागोत्सव मनाया गया और विभिन्न स्थानों पर गेर नृत्य हो रहे हैं।

उधर, झालावाड़ जिला प्रशासन और राजीविका ने होली के मौके पर नई पहल की है। इसके तहत लोगों को हर्बल गुलाल और परम्परागत व्यंजन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि ये उत्पाद उपभोक्ता भंडार के सहयोग से बाजार में उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इनमें स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की ओर से पेड़, पौधों और फूलों से तैयार किया गया गुलाल शामिल है। इसके अलावा बेसन चक्की, लड्डू, मक्खन बड़े और मठरी सहित अन्य व्यंजन भी उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

000

जयपुर के बस्सी इलाके में आज बेसन बनाने की फैक्ट्री पकड़ी गई। खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय की टीम ने ये कार्रवाई की। जांच के दौरान फैक्ट्री में चावल की किनकी और बाजरे से बेसन तैयार किया जा रहा था। इस दौरान 16 हजार किलो से ज्यादा मिलावटी बेसन जब्त किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग ने नमूने लेकर जांच के लिए भेज दिए हैं।

000

पाली के रोहट में आज आंगनबाड़ी मेला लगाया गया। महिला और बाल विकास विभाग की ओर से लगाए गए इस मेले में आंगनबाड़ी शिक्षिकाओं को ट्रेनिंग दी गई। इसके साथ ही विभिन्न गतिविधियां और प्रतियोगिताएं भी रखी गई।

000

प्रदेश में दिन के तापमान के साथ ही रात के तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों में अधिकतर स्थानों पर गर्मी का असर रहा। हालांकि जैसलमेर और जोधपुर में शाम को हल्के बादल छाए रहे और हवा चली। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार चूरू, नागौर, दौसा सहित कई शहरों में दिन का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। उधर, बाड़मेर में पारा करीब 40 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि पिछले तीन–चार दिनों से गर्मी के तेवर तीखे बने हुए हैं।

............

राज्य में न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। न्यूनतम तापमान औसतन 14 डिग्री सेल्सियस रहा। 13 मार्च से मौसम बदलने के आसार हैं। पश्चिमी विक्षोभ के असर से बीकानेर संभाग में बादल छाने की संभावना है। कहीं–कहीं हल्की बारिश भी हो सकती है।

000

पाली में आज से दो दिन के पर्यावरण उत्सव की शुरूआत हुई। अरावली और जवाई टूरिज़्म वाइल्ड लाइफ क्षेत्र में जल, जंगल और ज़मीन के संरक्षण को लेकर इसका आयोजन किया जा रहा है।
एक रिपोर्ट –

000

महिला प्रीमियर क्रिकेट लीग में आज शाम मुंबई इंडियंस का मुकाबला गुजरात जायंट्स से होगा। मैच मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। मुंबई और गुजरात दोनों ही दिल्ली कैपिटल्स के साथ प्लेऑफ में जगह बना चुके हैं। आज के मैच में टूर्नामेंट के पहले फाइनलिस्ट का निर्धारण हो सकता है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' 30 मार्च को होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम की ये 120वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता, अपने सुझाव 28 मार्च तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर भेज सकते हैं। 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। इसके अलावा नरेंद्र मोदी एप और माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

000